# Hindi Murli Quiz 12-11-2015

.

*Q.1)* **Q. "मीठे बच्चे, यह भूल-भुलैया का खेल है, तुम घड़ी-घड़ी --------को भूल जाते हो, निश्चयबुद्धि बनो तो इस खेल में फसेंगे नहीं"**

**निम्नलिखित विकल्पों में से एक उपयुक्त शब्द से उपरोक्त रिक्त स्थान भरें।**

A. बाप
B. वर्सा
C. भाग्य
D. स्वर्ग

*Q.2)* **Q. "कयामत के समय को देखते हुए तुम बच्चों का कर्तव्य है कि अपनी पढ़ाई में अच्छी रीति लग जाना, अन्य बातों में नहीं जाना है। बाप तुम्हें नयनों पर बिठाकर, गले का हार बनाकर साथ ले जायेंगे। बाकी तो सबको अपना-अपना हिसाब-किताब चुक्तू करके जाना ही है। बाप आये हैं सबको अपने साथ घर ले जाने।"**

A. सही
B. गलत

*Q.3)* **Q. वाक्यों को उनके अर्थ अनुसार ही जोड़ें --------**

| | Choice | | Match |
|---|---|---|---|
| A | सब विश्व में शान्ति चाहते हैं। | 1 | पत्थरबुद्धि राजायें और पारसबुद्धि राजायें यहाँ ही हैं। |
| B | गॉड फादर को ही पुकारना चाहिए कि आकर विश्व में शान्ति फैलाओ। | 2 | परन्तु किसको पुकारें, वह भी बिचारों को पता नहीं है। |
| C | इस दुनिया में अनेक धर्म हैं, कहते हैं कि एक धर्म हो जाए तो शान्ति हो। | 3 | जरूर विश्व का मालिक ही विश्व में शान्ति स्थापन करते हैं। |
| D | अनेक बार एक राज्य स्थापन हुआ है। | 4 | सब धर्म मिलकर एक तो हो नहीं सकते। |
| E | पत्थरबुद्धि और पारसबुद्धि का भारत में ही गायन है। | 5 | फिर धर्मों की वृद्धि होते-होते झाड़ बड़ा हो जाता है फिर बाप को आना पड़ता है। |

*Q.4)* **Q. सही वाक्यों को ही टिक करें ----------**

A. भगवान शिव की पूजा भी यहाँ होती है। सतयुग में पूजा आदि नहीं होती, याद भी नहीं करते।
B. हमने सबसे जास्ती भक्ति की है इसलिए हम ही पहले-पहले बाप के पास आये हैं।फिर हम ही राजधानी में आयेंगे।
C. 84 लाख जन्म कोई मनुष्य की आत्मा नहीं लेती है। वह तो वैरायटी जानवर आदि ढेर हैं, उनकी कोई गिनती भी नहीं कर सकते।
D. लक्ष्मी-नारायण के मन्दिर में मनुष्य जाते हैं। यह थोड़े ही किसी की बुद्धि में है कि यही भारत के मालिक थे।
E. अभी दीपावली मनाते हैं, वास्तव में सच्ची दीवाली याद की यात्रा ही है, जिससे आत्मा की ज्योति पूरे कल्प के लिए जग जाती है।

*Q.5)* **Q. मैचिंग की इस एक्सरसाइज में उपयुक्त शब्दों से ही रिक्त स्थान भरें -------**

| | Choice | | Match |
|---|---|---|---|
| A | बाप बच्चों को समझाते हैं। अपने को आत्मा समझ सुनेंगे तो ------- भी रहेगी। | 1 | खाता। |
| B | अभी तुम्हारा नया --------शुरू होता है, नई दुनिया के लिए। | 2 | भगवानुवाच। |
| C | जरूर भगवान आकर शरीर लेता होगा, तब तो ---------कहा जाता है। | 3 | खुशी। |
| D | हम आत्मायें भाई-भाई हैं फिर -------धारण कर भाई-बहन हो जाते। | 4 | शरीर। |
| E | भक्तिमार्ग में ---------और पारलौकिक बाप को याद करते हैं। सतयुग में सिर्फ ------- को याद करते हैं, संगम पर तीनों को याद करते हैं। | 5 | लौकिक। |

*Q.6)* **Q. “लौकिक बाप है हद का बाप, उनसे हद का वर्सा मिलता है। अभी हमको बेहद का बाप मिला है जिससे बेहद का वर्सा मिलता है। अब बेहद का बाप आये हैं ब्रहमा के तन में - हम बच्चों को बेहद का सुख देने। उनका बनने से हम बेहद का वर्सा पाते हैं। यह जैसे दादे का वर्सा मिलता है - ब्रहमा दवारा। वह कहते हैं वर्सा तुमको मैं देता हूँ। पढ़ाता मैं हूँ। ज्ञान मेरे पास है। बाकी न मनुष्यों में ज्ञान है, न देवताओं में। यह है रूहानी ज्ञान।“**

A. सही
B. गलत

*Q.7)* **Q. वाक्यों को उनके अर्थ अनुसार ही जोड़ें ------**

| | Choice | | Match |
|---|---|---|---|
| A | आत्मा कैसे कहेगी कि मन की शान्ति चाहिए। | 1 | अभी तुम हो ज्ञान मार्ग में। |
| B | सतयुग में 5 विकार होते नहीं, रावणराज्य ही नहीं है, | 2 | मनुष्य बाप को नहीं जानते इसलिए नास्तिक कहा जाता है। |
| C | अभी तुम आस्तिक बने हो और त्रिकालदर्शी भी बने हो। | 3 | आत्मा तो है ही शान्तिधाम में रहने वाली। |
| D | यह शास्त्र आदि जो पास्ट हो चुके हैं, यह सब है भक्ति मार्ग। | 4 | हमेशा रावण राज्य हो तो फिर मनुष्य थक जाएं। कभी सुख देख न सकें। |

*Q.8)* **Q.धारणा के अनुसार केवल सही वाक्य ही चयन करें ------**

A. याद की यात्रा में रहकर सच्ची-सच्ची दीपावली रोज मनानी है।
B. अपना नया खाता 21 जन्मों के लिए जमा करना है।
C. सब हिसाब- किताब चुक्तू करने हैं।
D. साक्षी होकर इस ड्रामा को देखना है ।
E. .ड्रामा के राज को बुद्धि में रख पढ़ाई के सिवाए और किसी भी बात में नहीं जाना है।

*Q.9)* **Q. आज के वरदान पर आधारित निम्नलिखित वाक्य सही हैं या गलत हैं, टिक करें -**

**”अन्तर्मुखी बन शुद्ध संकल्पों की शक्ति का स्टॉक जमा करो। यह शुद्ध संकल्प की शक्ति सहज ही अपने व्यर्थ संकल्पों को समाप्त कर देगी और दूसरों को भी शुभ भावना, शुभ कामना के स्वरूप से परिवर्तन कर सकेंगे। शुद्ध संकल्पों का स्टॉक जमा करने के लिए मुरली की हर पाइंट को सुनने के साथ-साथ शक्ति के रूप में हर समय कार्य में लगाओ। जितना शुद्ध संकल्पों की शक्ति का स्टॉक जमा होगा उतना मन्सा सेवा के सहज अनुभवी बनते जायेंगे।“**

A. सही
B. गलत

*Q.10)* **Q. निम्नलिखित रिक्त स्थान भरें --------**

**“मन से सदा के लिए ईर्ष्या-द्वेष को विदाई दो तब ---------- होगी।“**